TOPIC- Next Supporting Ideas for Dissertation/Thesis Content.

Camlin Page
Date 30.04.20

1.4 अनुसन्धान चर (Research variables)

शोध/अनुसन्धान के तहत चर उसे कहते हैं जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति या एक परिस्थिति से दूसरी परिस्थिति में परिवर्तित (changing) हो जाती है। इस प्रकार शैक्षिक शोधों के सन्दर्भ में बुद्धि, ऊँचाई, भार, शैक्षिक उपलब्धि, शिक्षण के रचना कौशल एवं युक्तियाँ, पाठ्यक्रम या विद्यालयों के प्रकार चरों के उदाहरण हैं। कतिपय चरों को प्रायः अत्यन्त विशुद्ध एवं स्पष्ट रूप से सम्प्रत्ययात्मक स्वरुप (conceptual frame) दिया जाना सम्भव है तथा उसी रूप में उसका नामकरण भी किया जा सकता है किन्तु कतिपय अन्य चर ऐसे भी होते हैं जिन्हें अपूर्ण या अस्पष्ट ढंग से वर्णित एवं परिभाषित करना पड़ता है। शोध/अनुसन्धान की समस्या के परिभाषीकरण/संक्रियात्मक परिभाषीकरण (operational definition) को दृष्टिगत रखकर उसमें निहित चरों की पहचान करना एवं उनका नामकरण आवश्यक

जैसे - किसी अनुसन्धाता का Research का TOPIC इस प्रकार है "बिहार राज्य के माध्यमिक एवं नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों का आकांक्षास्तर अध्ययन-आदत, बुद्धि - शैक्षिकोपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन" प्रस्तुत अनुसन्धान में चर (4) चार प्रकार के हैं

A) आकांक्षास्तर
B) अध्ययन आदत
C) बुद्धि
(D) शैक्षिकोपलब्धि

ये लेखन कर चरों को पहचान पूर्वक दिखाना होगा